जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री की सूची (वर्ष 1947 से 2021 तक)

samanyagyan.com/hindi/gk-chief-ministers-of-jammu-and-kashmir

जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री (1965-2021): (Chief Ministers of Jammu and Kashmir in Hindi)

जम्मू और कश्मीर सामान्य ज्ञान:

जम्मू-कश्मीर भारत के उत्तरी भाग का एक राज्य है। जम्मू और कश्मीर की राजधानी ग्रीष्मकाल में श्रीनगर और शीतकाल में जम्मू राजधानी रहती है। यह भारत की ओर से उत्तर में चीन और **अफगानिस्तान**, पूर्व में चीन, और दक्षिण में **हिमाचल प्रदेश** और **पंजाब** से घिरा है। पश्चिम में यह पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम फ्रंटीयर प्रांत और पंजाब से घिरा है। जम्मू-कश्मीर का क्षेत्र 222,236 वर्ग किमी. है। जम्मू और कश्मीर में बोली जाने वाली मुख्य भाषा कश्मीरी, उर्दू, पहाड़ी, डोगरी, बाल्टी, गोजरी, पश्तो, लद्दाखी और शिना है। फारसी में लिखी गई **उर्दू जम्मू और कश्मीर की आधिकारिक भाषा है**। सन् 2011 की जनगणना के अनुसार **जम्मू और कश्मीर की साक्षरता दर** 68.74 प्रतिशत है।

जम्मू और कश्मीर का इतिहास:

जम्मू-कश्मीर राज्य पहले हिंदू शासकों और फिर मुस्लिम सुल्तानों के अधीन रहा। बाद में यह राज्य अकबर के शासन में मुगल साम्राज्य का हिस्सा बन गया। सन् 1756 से अफगान शासन के बाद, सन् 1819 में यह राज्य पंजाब के सिख साम्राज्य के अधीन हो गया। सन् 1846 में रंजीत सिंह ने जम्मू क्षेत्र महाराजा गुलाब सिंह को सौंप दिया। सन् 1846 में सबरून की निर्णायक लड़ाई के बाद **अमृतसर संधि** के मुताबिक कश्मीर भी महाराजा गुलाब सिंह को सौंप दिया गया। सन् 1947 में यह राज्य पाकिस्तान के सशस्त्र हमले का विषय बना। 26 अक्टूबर 1947 को महाराजा हरिसिंह के अनुवृध्दि के समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद इसे भारत में शामिल होना मंजूर किया गया।

जम्मू और कश्मीर के वर्तमान मुख्यमंत्री:

भारतीय राज्य जम्मू-कश्मीर में सरकार में शामिल बीजेपी ने पीडीपी के साथ 19 जून को गठबंधन तोड़ने का ऐलान कर दिया है। दोनों ही पार्टियों में सीजफायर सहित कई मुद्दों पर काफी दिनों से टकराव चल रहा था। बीजेपी द्वारा समर्थन वापसी के बाद महबूबा मुफ्ती ने अपना इस्तीफा राज्यपाल एनएन वोहरा को सौंप दिया है, जिसके साथ ही राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू हो गया है।

महबूबा मुफ़्ती जम्मू और कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने 04 अप्रैल 2016 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और 19 जून 2018 तक इस पद पर कार्यरत रही। जम्मू और कश्मीर के **प्रथम मुख्यमंत्री** मेहर चंद महाजन थे।

जम्मू और कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश घोषित करना

5 अगस्त 2019 को भारत की संसद ने एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुये अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया है। इसी के साथ जम्मू कश्मीर से राज्य का दर्जा वापिस लेते हुये उसे और उसके एक हिस्से लद्दाख को केंद्रशासित प्रदेश घोषित कर दिया गया है।

वर्ष 1947 से अब तक जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्रियों की सूची:

मुख्यमंत्री का नाम	पदभार ग्रहण	पदमुक्ति	दल/राजनीतिक पार्टी
मेहर चंद महाजन	15 अक्टूबर 1947	05 मार्च 1948	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
शेख़ अब्दुल्ला	05 मार्च, 1948	09 अगस्त 1953	नेकां
बख्शी गुलाम मोहम्मद	09 अगस्त 1953	12 अक्टूबर 1963	नेकां
ख्वाजा शम्सुद्दीन	12 अक्टूबर 1963	29 फरवरी 1964	नेकां
ग़ुलाम मोहम्मद सादिक़	29 फरवरी, 1964	30 मार्च 1965	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
ग़ुलाम मोहम्मद सादिक़	30 मार्च 1965	12 दिसम्बर 1971	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
सैयद मीर क़ासिम	12 दिसम्बर 1971	25 फ़रवरी 1975	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
शेख अब्दुल्ला	25 फ़रवरी 1975	26 मार्च 1977	नेशनल कांफ्रेंस
राष्ट्रपति शासन (26 मार्च 1977 – 09 जुलाई 1977)			
शेख अब्दुल्ला	09 जुलाई 1977	08 सितम्बर 1982	नेशनल कांफ्रेंस
फ़ारुक़ अब्दुल्ला	08 सितम्बर 1982	02 जुलाई 1984	नेशनल कांफ्रेंस
ग़ुलाम मोहम्मद शाह	02 जुलाई 1984	06 मार्च 1986	अवामी नेशनल कांफ्रेंस
राष्ट्रपति शासन (06 मार्च 1986 – 07 नवंबर 1986)			
फ़ारुक़ अब्दुल्ला	07 नवंबर 1986	19 जनवरी 1990	नेशनल कांफ्रेंस

मुख्यमंत्री का नाम	पदभार ग्रहण	पदमुक्ति	दल/राजनीतिक पार्टी
राष्ट्रपति शासन (19 जनवरी 1990 – 09 अक्टूबर 1996)			
फ़ारुक़ अब्दुल्ला	09 अक्टूबर 1996	18 अक्टूबर 2002	नेशनल कांफ़्रेस
राष्ट्रपति शासन (18 अक्टूबर 2002 – 02 नवंबर 2002)			
मुफ़्ती मोहम्मद सईद	02 नवंबर 2002	20 नवंबर 2005	पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी
ग़ुलाम नबी आज़ाद	02 नवंबर 2005	11 जुलाई 2008	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
राष्ट्रपति शासन (11 जुलाई 2008 – 05 जनवरी 2009)			
उमर अब्दुल्ला	05 जनवरी 2009	08 जनवरी 2015	जम्मू और कश्मीर नेशनल कांफ़्रेस
राष्ट्रपति शासन (8 जनवरी 2015 – 01 मार्च 2015)			
मुफ़्ती मोहम्मद सईद	01 मार्च 2015	07 जनवरी 2016	पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी
राष्ट्रपति शासन (07 जनवरी 2016 – 04 अप्रैल 2016)			
महबूबा मुफ़्ती	04 अप्रैल 2016	19 जून 2018	पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी
राष्ट्रपति शासन (19 जून 2018 – वर्तमान)			

You just read: Jammoo Aur Kashmeer Ke Mukhyamantriyon Ke Naam, Kaaryakaal Aur Unaki Raajaneetik Party (varsh 1965 Se 2021)